# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार,15 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 13 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 38 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ मानवता-बिजनेस के संगम थे रतन टाटा

सलमान खान के सारे प्रोजेक्ट से लेगें ब्रेक, कुछ दिन घर ने नहीं निकलेंगे बाहर,बढ़ाई गयी सुरक्षा ◂◂ 6






# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार,15 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 13 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 38 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ मानवता-बिजनेस के संगम थे रतन टाटा

सलमान खान के सारे प्रोजेक्ट से लेगें ब्रेक, कुछ दिन घर ने नहीं निकलेंगे बाहर,बढ़ाई गयी सुरक्षा ◂◂ 6


झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

# चुनाव के तारीखों की घोषणा आज 2 से 3 चरणों में मतादान संभाव

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज हो जाएगा। दोपहर 3.30 बजे चुनाव आयोग इसकी घोषणा करेगा। लंबे समय से सबकी नजरें इस पर टिकी थी। झारखंड के साथ साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी अनाउंसमेंट होगा। हालांकि ये पहले से ही तय था कि विजयादशमी के बाद आयोग जल्द चुनाव का ऐलान कर देगा। जानकारी के मुताबिक 2 से 3 चरणों में इस बार मतदान हो सकता है।

15 नवंबर के बाद शुरू हो सकती है मतदान की प्रक्रियाः झारखंड की 81 विधानसभा सीटों के लिए 15 नवंबर के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। कुछ दिनों पहले चुनाव आयोग की टीम ने झारखंड का दौरा किया था। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया था। इस दौरान विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी बैठक हुई थी। बैठक में झामुमो, आजसू समेत कई लोगों ने मतदान 15 नवंबर के बाद कराने का आग्रह किया था। इसके पीछे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी त्योहारों और स्थापना दिवस का हवाला दिया था।




साल 2019 में 5 चरणों में हुए थे मतदानः ज्ञात हो कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में 5 चरणों में मतदान हुए थे। जहां झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन ने 47 सीट जीतकर सरकार बनायी थी। उस चुनाव में भाजपा और आजसू ने अलग अलग चुनाव लड़ा था। बीजेपी जहां 25 सीटें जीतीं थीं तो वहीं आजसू सिर्फ 2 सीट जीत पाया था। लेकिन इस बार भाजपा, आजसू और जदयू साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सभी दलों की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। हेमंत सरकार ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक कर मंईयां सम्मान राशि बढ़ाने समेत कई लोक लुभावन फैसले लिया।

चुनाव से पहले फ्री वाली स्कीमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर मांगा जवाब



**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान होने वाला है। इससे पहले राजनीतिक दलों ने जनता के लिए कई लोक-लुभावन स्कीमों का ऐलान किया है। महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये तक के कैश की स्कीम का ऐलान हुआ है तो वहीं टोल टैक्स में छूट जैसे फैसले भी हुए हैं। ऐसे ही फैसलों को चुनौती देते हुए एक अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई है। मंगलवार को अदालत ने इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस

इस अर्जी में अदालत से मांग की गई कि चुनाव से ठीक पहले मुफ्त वाली स्कीमों के ऐलान को रिश्वत घोषित करना चाहिए। यह वोटर को एक तरह से रिश्वत का झांसा देना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस अर्जी पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। इसके अलावा दाखिल अर्जी को पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही जोड़ दिया है। याची ने यह मांग भी की थी कि चुनाव से कुछ वक्त पहले से मुफ्त की योजनाओं की घोषणा पर रोक लग जानी चाहिए। ऐसी रोक सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि सभी राजनीतिक दलों पर लागू होनी चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक ऐसी योजनाओं की भरमार देखी गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई एंट्री पर लगने वाले सारे टोल टैक्स कारों के लिए माफ कर दिए हैं। इसके अलावा लड़की बहिन योजना का ऐलान हुआ है। वहीं ओबीसी आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर बढ़ाने की केंद्र से सिफारिश की गई है।

## बिहार विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, आज बज सकता है बिगुल

**पटनाः** बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 में होना है, इसको लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं इसी साल 4 विधानसभा और एक विधान परिषद सीटों पर उपचुनाव होना है। इसकी घोषणा आज चुनाव आयोग 3.30 बजे कर सकता है। इस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने मंथन शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों के नाम को लेकर पार्टियों का विचार-विमर्श भी जारी है। दिल्ली में भाजपा की बैठक भी इस विषय पर हो चुकी है। आज कभी भी उपचुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

इस विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दल लगातार बैठक कर रहे हैं। प्रत्याशियों के नाम पर मंथन चल रहा है। बिहार उपचुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हो चुकी है। इस बैठक में प्रत्याशियों के नाम को लेकर मंथन किया गया है।

**चारों सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे प्रशांत किशोरः** आपको बता दें कि चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा होगी। भोजपुर के तरारी, कैमूर के रामगढ़ और गया के बेलागंज और इमामगंज के विधायक सांसद बन चुके हैं। भाजपा, जदयू, राजद, भाकपा माले और प्रशांत किशोर उपचुनाव में दो दो हाथ करने की तैयारी में हैं। प्रशांत किशोर ने अपने सभा में कहा था कि मैं चारों सीटों पर उम्मीदवार उतारूँगा।

**रामगढ़ सीट से कौन हो सकता है एनडीए का उम्मीदवार? :** रामगढ़ विधानसभा सीट पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। रामगढ़ विधानसभा सीट पर जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत सिंह को मैदान में उतारने की तैयारी की जा रही है। इस सीट से सुधाकर सिंह सांसद बने हैं और उनके सांसद बनने के बाद रामगढ़ सीट खाली हुई है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से अशोक सिंह को मैदान में उतारा जा सकता है। इधर प्रशांत किशोर भी उम्मीदवार उतारेंगे। इस सीट पर प्रशांत किशोर, आनंद सिंह को मैदान में उतार सकते हैं।

## आईएमसी 2024 : एशिया के सबसे बड़े टेक इवेंट का आगाज, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्लीः** एशिया के सबसे बड़े टेक इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का मंगलवार को आगाज हो गया है। दूरसंचार विभाग और सीओएआई की साझेदारी में आयोजित इवेंट का उद्घाटन पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया। इससे पहले पीएम ने दिल्ली के भारत मंडपम में पहली बार आयोजित होने वाले आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए का भी उद्घाटन किया। यूनाइटेड नेशन के वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन स्टेंड्राइजेशन असेंबली और इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन द्वारा इवेंट आयोजित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आईएमसी 2024 के दौरान भारत के टेलीकॉम सेक्टर के बढ़ते प्रभाव का जिक्र किया। केंद्रीय संचार मंत्री ने भारत में मोबाइल फोन के जबरदस्त इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि यहां जब किसी परिवार में मोबाइल फोन आता है, तो उनके पास कई जरूरी सेवाओं की पहुंच हो जाती है। इनमें बैंकिंग सर्विस से लेकर सरकार के




वेलफेयर स्कीम तक शामिल हैं।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत की मोबाइल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के बारे में कहा कि इस समय भारत में मोबाइल यूजर की संख्यां 904 मिलियन यानी 90 करोड़ से बढ़कर 1।16 बिलियन यानी 116 करोड़ तक पहुंच गई है। वहीं, भारत में ऑप्टिकल फाइबर की पहुंच 11 मिलियन किलोमीटर से बढ़कर 41 मिलियन किलोमीटर तक हो गई है। 5जी रोल आउट का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेज 5जी रोल आउट करने वाला देश बन गया है। महज 21 महीने के अंदर देश के 98 प्रतिशत जिलों और 90 प्रतिशत गावों में 5जीसर्विस पहुंच गई है। 4जी और 5जी कनेक्टिविटी की वजह से देश में डिजिटल पेमेंट सिस्टम का जबरदस्त ग्रोथ देखने को मिला है।

पूर्व विधायक ममता देवी को बड़ी राहत

## हाईकोर्ट ने दोनों केस में सजा पर लगायी रोक, लड़ेंगी चुनाव



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व विधायक ममता देवी को बड़ी राहत मिली है। दरअसल रामगढ़ की इस पूर्व विधायक की सजा पर हाईकोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी है। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ममता देवी के समर्थकों में खुशी का माहौल है। दरअसल हजारीबाग व्यवहार न्यायालय स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें कुल 7 साल की सजा सुनायी थी। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब वह फिर से सक्रिय राजनीति में लौट सकेंगी।

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल पूरा मामला ये है कि गोला प्रखंड के टोनागातू में इनलैंड पावर प्लांट निर्माण किया गया था। इसके निर्माण के समय कई ग्रामीण यहां से विस्थापित हुए थे। इन लोगों को हटाने से पहले नौकरी, मुआवजा और रोजगार देने का आश्वासन दिया गया। प्रबंधन ने अपने कहे के अनुसार कुछ लोगों को नौकरी तो दी लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हे पर्याप्त सुविधा और रोजगार नहीं दिया गया। इसी मांग को लेकर 29 अगस्त, 2016 को तत्कालीन पार्षद ममता देवी एवं राजीव जायसवाल के नेतृत्व में यहां पर धरणा प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।




## सभी यूनिवर्सिटी के वीसी-रजिस्ट्रार 22 अक्टूबर को कोर्ट में उपस्थित हो: हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार को हाईकोर्ट के समक्ष 22 अक्टूबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। घंटी आधारित शिक्षक प्रसिला सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डा एस एन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सोमवार को प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि राज्य के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। जिसपर अदालत ने कहा कि घंटी आधारित शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इसका असर यह होता है कि राज्य के छात्रों और शिक्षको का पलायन दूसरे राज्यों में होता है। वही अदालत ने जेपीएससी से पूछा है कि शिक्षको के कितने पद खाली हैं, कितने पद भरने के लिए खढरउ ने पहल की है। इस मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की।

खत्म हो जाएगी मणिपुर हिंसा?

## विद्रोह सुलझाने के लिए अमित शाह ने मेइती, कुकी व नगा विधायकों की पहली बार एक साथ बुलाई बैठक

**नई दिल्लीः** साल 2023 में भड़की मणिपुर की हिंसा की आग आज भी शांत नहीं हुई है। न जानें कितने लोगों का अब तक इस हिंसा में खून बह चुका है। एक साल से ज्यादा समय हो चुका हैं और अब पहली बार मणिपुर में मीतेई, कुकी और नागा समुदायों के विधायक मंगलवार को नई दिल्ली में एक संयुक्त बैठक में भाग लेंगे। बैठक में शांति बहाल करने की मांग की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस बैठक की मेजबानी करेगा और गृह मंत्री अमित शाह और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बैठक की निगरानी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रियों और विधायकों को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है, जो नई दिल्ली के उत्तरी ब्लॉक में होने वाली है। एक अधिकारी ने बताया इस बैठक का उद्देश्य पिछले कुछ महीनों में



मणिपुर में अशांति को बढ़ावा देने वाली खाई को पाटना है। इसका उद्देश्य तीन प्रमुख समुदायों के विधायकों को आमने-सामने लाना है ताकि शांति बहाल की जा सके, खासकर मैतेई और कुकी के बीच।

**मणिपुर में क्या थमेगी हिंसा?:** ाणिपुर में करीब 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद संघर्षग्रस्त राज्य में शांति बहाली के प्रयास के तहत पहली बार मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायक यहां मंगलवार को बैठक करने वाले हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक गृह मंत्रालय द्वारा मेइती और कुकी समुदायों के बीच मतभेदों को दूर करने, वहां जारी संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने तथा मतभेदों को समाप्त करने के प्रयास के तहत बुलाई गई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मेइती समुदाय की ओर से विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बिस्वजीत सिंह तथा कुकी समुदाय की ओर से लेतपाओ हाओकिप और नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री) शामिल हो सकते हैं।

**मेइती, कुकी, नगा विधायक राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगेः** नगा समुदाय का प्रतिनिधित्व विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। करीब एक महीने पहले शाह ने कहा था कि मणिपुर में स्थिति को सुलझाने के लिए कुकी और मेइती समुदायों के बीच बातचीत की जरूरत है और केंद्र दोनों समूहों के साथ चर्चा कर रहा है, जिसके बाद इन समूहों के नेताओं के बीच यह बैठक हो रही है।

**मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा :** गृह मंत्री ने 17 जून को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के दौरान भी ऐसा ही बयान दिया था। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि गृह मंत्री ने राज्य में जारी जातीय संघर्ष को हल करने के लिए समन्वित दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि ह्यह्यगृह मंत्रालय जल्द से जल्द दोनों समूहों - मेइती और कुकी से बात करेगा ताकि जातीय विभाजन को पाटा जा सके। सूत्रों ने बताया कि बैठक में भाग लेने वाले सभी नगा, कुकी और मेइती विधायकों एवं मंत्रियों को गृह मंत्रालय द्वारा पत्रों तथा टेलीफोन कॉल के माध्यम से आमंत्रित किया गया था।




## रिम्स सहित राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर हड़ताल पर, मरीज परेशान

**रांचीः** कोलकाता की घटना को लेकर जहां एक तरफ कोलकाता में डॉक्टरों का आंदोलन 2 महीने से जारी है। वहीं करीब 200 घंटे से सभी डॉक्टर भूख हड़ताल पर हैं। वहीं अब इस आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है। मंगलवार से आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के आह्वान पर डॉक्टरों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है। इस आंदोलन का समर्थन रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी किया है। मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए भूख हड़ताल की जा रही है। इस दौरान रिम्स की तमाम ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद हैं, हालांकि जूनियर डॉक्टरों ने आपातकालीन सेवाएं बहाल रखने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल के कारण मरीज भी बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। दूर-दराज से आए लोग इलाज के लिए यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन सेवाएं बंद होने के कारण इलाज नहीं हो पा रहा है। वहीं रिम्स अस्पताल के जूनियर डॉक्टर का कहना है कि कोलकाता में हुई घटना का विरोध लगातार जारी है। लेकिन किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया गया। सुप्रीम कोर्ट में भी लगातार सुनवाई हो रही है और सीबीआई भी जांच कर रही है। लेकिन अब तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है। इसे लेकर देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं और रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी उसका समर्थन कर रहे हैं। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से चलेंगी, जबकि अन्य सभी सेवाएं ठप रहेंगे।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## औसत भारत बेरोजगार है

**भारत** सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का मानना है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। जब बेरोजगारी की बात उठती है, तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की भारत रोजगार रपट 2024 को पेश किए जाने के अवसर पर बोल रहे थे। यदि बेरोजगारी सरकार का कोई सरोकार नहीं है, तो देश के जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक विकास दर कैसे तय की जाती है। क्या जीडीपी भारत के हवा-पानी का ही कोई संकलन है? जीडीपी देश के नागरिकों के रोजगार, उनके संसाधन और अंशदान के आधार पर ही आकार लेता है। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर निरंतर जारी है। फरवरी, 2024 में जो डाटा सामने आया है, उसके मुताबिक, जीडीपी की विकास-दर 2023-24 में 7.6 फीसदी रहेगी। यह पहले के अनुमान 7.3 फीसदी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह आकलन किया गया है कि 2024-25 में विकास-दर 7 फीसदी रह सकती है। हमारी विकास-दर दुनिया के सभी बड़े देशों की तुलना में सर्वाधिक है, लिहाजा आम भारतीय का गदगद होना स्वाभाविक है। हालांकि औसत भारतीय आज तक इसका विश्लेषण नहीं कर पाया है कि विकास-दर से उसकी प्रत्यक्ष आय में कितनी बढ़ोतरी होती है। आर्थिक बढ़ोतरी के बावजूद चिंताएं श्रम बाजार, श्रम बल, उत्पादक रोजगार आदि को लेकर ज्यादा हैं। आईएलओ की रपट के मुताबिक, भारत देश के कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 54.2 फीसदी से बढकर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। जो रोजगार बढ़ा है, उसके दो-तिहाई में स्वरोजगार वाले कामगार हैं। कृषि में भी बेरोजगारी बढ़ी है। मैन्यूफैक्चरिंग में भी रोजगार की हिस्सेदारी स्थिर रही है। संकेत चिंताजनक हैं, जिन पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। आईएलओ रपट में भारत में कुल 83 फीसदी बेरोजगारी बताई गई है, तो यह क्या है? मुख्य आर्थिक सलाहकार जरा देश को समझाएं कि क्या 83 फीसदी देश बेरोजगार है? दरअसल भारत के विकास का केंद्रीय मुद्दा यह रहा है कि अधिक से अधिक नौकरियां पैदा की जाएं। बेशक यह अकेले सरकारी क्षेत्र में संभव नहीं है, लेकिन निजी क्षेत्र की भी शिकायत रही है कि उन्हें हुनरमंद कामगार ही नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कंपनियों में रिक्तियां हैं। नौकरियां या रोजगार के अवसर पैदा करना ही बहुत बड़ी चुनौती है। स्वरोजगार में भी दिहाड़ीदार भी शामिल हैं। रपट बताती है कि श्रम बाजार में औसतन हर साल 70-80 लाख नए कामगार प्रवेश करते हैं। हालांकि युवा बेरोजगारी में 2019 में 17.5 फीसदी से 2022 में 12.1 फीसदी की कमी आई है, लेकिन यह बेरोजगारी शहरी इलाकों के पढ़े-लिखे युवाओं में अधिक है। यदि इस वर्ग को देश के जनसंख्याई लाभांश में तबदील करना है, तो ज्यादा से ज्यादा, हर किस्म के, रोजगार पैदा करने होंगे।

## ढोल में पोल न हो

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य प्राधीकरण बुजुर्गों के लिए अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आंकलन कर रही है। इससे तकरीबन साढे चार करोड़. परिवारों के छह करोड़. बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। यह आवेदन आधारित योजना है। इसके लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण करना होगा। 70 या उससे अधिक उम्र वाला हर बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड. प्राप्त करने व तथा विस्तारित योजना शुरू होने पर सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त कराने के पात्र होंगे। पहली सितम्बर तक साढ़े बारह हजार से अधिक निजी अस्पतालों समेत 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचिबद्ध किया जा चुका है। वर्तमान में दिल्ली, ओड़िशा तथा पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इसे लागू किया जा रहा है। जो लोग पहले से केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं, पूर्वसैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र बल का लाभ उठा रहे हैं वे दोनों में विकल्प चुन सकते हैं। आम जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से गंभीर रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा व आयुष्मान जैसी सुविधाओं की शुरूआत का उद्देश्य किफायती दर पर सबको इलाज मिलने की व्यवस्था उन्होंने ही दी है। हालांकि जितना इसका प्रचार किया गया यह उतनी सफल नहीं हो पाई। खासकर देश के पिछड़े. राज्यों व इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओंको उपलब्ध कराना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि इस नई योजना के तहत अस्पतालों की संख्या काफी बढखई गई है। वरना अब तक लोगों को अपने मरीज को लेकर बड़े. कस्बों या नजदीकी शहर की तरफ भागना पड़ता रहा है। दवाओं और निजी अस्पतालों के मोटे- मोटे बिलों को चुकाने लायक सामर्थ्य अभी अपने यहां बड़े. वर्ग की नहीं है। जिन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों से लेकर गंभीर रोगों का इलाज कराने के लिए परिवार का मुंह ताकना पड़ता है। इस योजना के चलते उम्मीद की जा सकती है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग जो अपने बुजुर्गों के इलाज में पैसों की कटौती करने को मजबूर है अब उनका बेहतर इलाज करवा सकेगा। परंतु महत्वपूर्ण तथ्य याद रखना होगा कि इन अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों व सहयोगी कर्मचारियों का अकाल न रहने पाए। वरना योजनाओं का लाभ बुजुर्गों को प्राप्त नहीं हो सकता।

# मानवता-बिजनेस के संगम थे रतन टाटा

भारत और दुनिया के सबसे महान उद्योग नेताओं में से एक पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा का दु:खद निधन, केवल उद्योग जगत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति है। आजादी से पहले टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेद जी टाटा ने देश में सबसे बड़े स्टील उद्योग की नींव रखी, जिसे आज हम टाटा स्टील के नाम से जानते हैं। जमशेद जी ने भारत के आम लोगों से एक-एक रुपया इक्विटी पूंजी के रूप में इका करके इस बड़ी स्टील कंपनी का निर्माण करके यह दिखा दिया कि देशभक्त भारतीयों द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

**डा. अश्वनी महाजन**

भारत और दुनिया के सबसे महान उद्योग नेताओं में से एक पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा का दुःखद निधन, केवल उद्योग जगत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति है। आजादी से पहले टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेद जी टाटा ने देश में सबसे बड़े स्टील उद्योग की नींव रखी, जिसे आज हम टाटा स्टील के नाम से जानते हैं। जमशेद जी ने भारत के आम लोगों से एक-एक रुपया इक्विटी पूंजी के रूप में इका करके इस बड़ी स्टील कंपनी का निर्माण करके यह दिखा दिया कि देशभक्त भारतीयों द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। श्री रतन टाटा का जीवन न केवल हमारे देश के, बल्कि पूरे विश्व के उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। लाभ कभी भी टाटा समूह का एकमात्र उद्देश्य नहीं रहा है और श्री रतन टाटा के दूरदर्शी नेतृत्व में श्रमिकों, गरीबों और दलितों की देखभाल हमेशा उनका मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। अपने दृढ़ निश्चय के साथ वे स्टील, ऑटोमोबाइल और विमानन सहित टाटा समूह के व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर ले गए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने हमेशा भारत को गौरवान्वित किया। टाटा समूह को अन्य व्यावसायिक घरानों से जो बात अलग बनाती है, वह यह है कि श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह हमेशा से ही मजदूरों, लोगों और खासकर गरीबों के पक्ष में रहा है। उन्होंने एक बार कहा था कि जब उन्होंने भारी बारिश में बस का इंतजार कर रहे एक गरीब परिवार को देखा, तो उनके दिमाग में एक ऐसी छोटी कार बनाने का विचार आया जो आम आदमी के लिए सस्ती हो और उन्होंने दुनिया की सबसे सस्ती और किफायती कार बनाने का कार्य पूरा किया।

जहां उनकी व्यावसायिक सोच में आम आदमी और श्रमिक के प्रति संवेदनशीलता दिखाई देती है, उनके व्यवहार में सदैव देश के प्रति अथाह प्रेम भी झलकता है। उनके बारे में एक किस्सा प्रसिद्ध है कि जब पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों द्वारा मुम्बई के ताज होटल पर आक्रमण किया गया, तो अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान के उद्योगपति उनसे मिलने के लिए भारत आए, लेकिन श्री रतन टाटा ने उनसे मिलने के लिए मना कर दिया। ऐसी स्थिति में जब भारत सरकार के एक तत्कालीन मंत्री ने उनसे उस मुलाकात को करने के लिए आग्रह किया, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कह दिया कि आप लज्जाहीन हो सकते हैं, लेकिन मैं नहीं। जब-जब देश पर आपत्ति आई, श्री रटन टाटा ने दिल खोलकर योगदान दिया। हाल ही में कोरोना काल के दौरान रतन टाटा ने न केवल 500 करोड़ रुपए का योगदान दिया, बल्कि इसके अलावा टाटा समूह ने कुल 1500 करोड़ रुपए का कुल योगदान कोविड संकट के दौरान दिया। यह राशि देश के किसी भी व्यावसायिक समूह से अधिक थी। लोगों को साथ लेकर चलने के सिद्धांत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके एक वाक्य से स्पष्ट होती है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर आप तेज चलना चाहते हैं, तो अकेले चलें। लेकिन अगर आप दूर चलना चाहते हैं, तो साथ-साथ चलें। हालांकि वे देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के मुखिया थे, लेकिन जो भी उनसे मिलता था, उन्होंने कभी भी यह अहसास नहीं होने दिया। कुल मिलाकर वे विनम्रता की एक मिसाल के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने जब टाटा समूह का नेतृत्व संभाला तो उस समय अन्य औद्योगिक समूह विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर रहे थे। रतन टाटा ने अपनी एक अलग राह चुनी और अपने पूर्व स्थापित उद्योगों को गति देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनियों का अधिग्रहण किया। अधिग्रहण के समय, वार्षिक इस्पात उत्पादन के मामले में कोरस, टाटा स्टील से चार गुना बड़ी थी। कोरस दुनिया की 9वीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी थी, जबकि टाटा स्टील 56वें स्थान पर थी। अधिग्रहण के बाद टाटा स्टील दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी बन गई। सामान्यतया जब भी कोई विदेशी किसी कंपनी का अधिग्रहण करता है तो वहां के लोगों और कर्मचारियों में उसके प्रति विरोध होता है, लेकिन इस अधिग्रहण में सबसे गौरवान्वित करने वाली बात यह थी कि कर्मचारियों ने इस बाबत खुशी जताई, क्योंकि टाटा को हमेशा कर्मचारी हित को सर्वोपरि रखने वाली कंपनी के रूप में जाना जाता है।

इसी प्रकार दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी फोर्ड का भी अधिग्रहण रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने किया, जिसके चलते टाटा मोटर्स ने भारत में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ा स्थान बना लिया। वे हमेशा नीति निमार्ताओं के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि वे नीति निमार्ताओं सहित अन्य लोगों को उनकी गलती के लिए टोक देते थे। रतन टाटा ने टाटा समूह के प्रति अपने दूरदर्शी नेतृत्व से हमेशा ही मजदूरों, उपभोक्ताओं और आम आदमी का स्नेह, प्रशंसा और वफादारी जीती है। सभी बड़े औद्योगिक घरानों में से यह टाटा समूह ही था, जिसने कोविड-19 महामारी के दौरान न केवल अपने कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक पूरा वेतन मिलता रहे। रतन टाटा निश्चित रूप से मानवता, राष्ट्रवाद और व्यापार के बेजोड़ संगम थे। उनका सरोकार समाज का कल्याण था। बिजनेस को उन्होंने कभी भी लाभ की दृष्टि से नहीं देखा। लाभ कमाना उनका प्रथम लक्ष्य नहीं था।उनका प्रथम लक्ष्य था समाज का कल्याण, कर्मचारी और मजदूरों का कल्याण। इसीलिए समाज, कर्मचारी व मजूदरों से उनके घनिष्ठ संबंध थे। उनका लक्ष्य था कि उन्हें बिजनेस के बजाय मानवतावादी, राष्ट्र और समाज हित के चिंतक के रूप में याद किया जाए। समाज के प्रति उनकी निष्ठाएं एकदम स्पष्ट थीं। वह बिजनेस के ऊपर समाज कल्याण को प्राथमिकता देते थे। अब उनकी भावनाओं को प्राथमिकता देने, उनके मूल्यों को विस्तार देने तथा उनके द्वारा स्थापित बहुमूल्य परंपराओं को आगे बढ़ाने का काम टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन नोएल टाटा को करना है। नोएल टाटा के समक्ष जहां इस कंपनी के बिजनेस को विस्तार देने की चुनौती रहेगी, वहीं यह भी चुनौती रहेगी कि उद्योग जगत के सामाजिक उत्तरदायित्वों को किस तरह निभाया जाए। आशा की जानी चाहिए कि नए नेतृत्व में टाटा कंपनी नए रंग-रूप के साथ समाज व राष्ट्र के सामने आएगी।

# रोजगार सृजन के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण उपाय

युवाओं को मछली पालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन के लिए सरकारी सब्सिडी और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन न करें। हिमाचल में छोटी-छोटी नदियों की भरपूरता है, और यहां जल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करके रोजगार के नए अवसर बनाए जा सकते हैं। राज्य सरकार को जल आधारित मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। पर्यटन के क्षेत्र में होमस्टे, पैराग्लाइडिंग, योग और धार्मिक पर्यटन को विकसित किया जा सकता है। इसके अलावा हिमाचल के फोक कल्चर जैसे करियाला, धाजा आदि को आधुनिक स्वरूप में रोजगारपरक बनाकर विकसित किया जा सकता है। मेरे विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी में पैराग्लाइडिंग की अपार संभावनाएं हैं, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा।

बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में लगभग आठ लाख युवा बेरोजगार हैं। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से घट रहे हैं। इसलिए युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल की लगभग 66 प्रतिशत भूमि जंगलों से घिरी है, जहां कई प्रकार की बहुमूल्य जड़ी-बूटियां पाई जाती हैं। इसलिए, इन पर आधारित लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सरकारी खाली भूमि को किराए पर देकर युवाओं को नकदी फसलें और जड़ी-बूटियां उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। पहले गांवों में नर्सरियां होती थीं, जिनसे वन विभाग पौधे खरीदता था, जिससे लोगों को रोजगार मिलता था। अब यह योजना बंद हो चुकी है, इसलिए इसे पुनः प्रारंभ करने की आवश्यकता है। वन लगाओ, रोजी कमाओ जैसी योजनाओं को फिर से लागू करना चाहिए। सडकों के किनारे फलदार पेड़ लगाकर सरकार और स्थानीय युवाओं की सहभागिता से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं। सूखे पेड़ों को समय पर बेचकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है, क्योंकि गर्मियों में आगजनी के कारण वन संपदा का नाश हो जाता है। बंजर भूमि पर खैर, तुनी और चंदन के पेड़ लगाकर लोगों को करोड़ों का लाभ पहुंचाया जा सकता है। सरकार भांग की खेती को कानूनी रूप देने पर विचार कर रही है, जिससे कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर आदि जिलों में भांग की खेती की अपार संभावनाएं हैं।

भांग का उपयोग कई प्रकार की दवाओं में होता है, और विदेशों में इसकी छाल से कपड़े भी बनते हैं। खड्डों की सामिलात भूमि को खनन विभाग द्वारा हर वर्ष औसत मूल्य पर बेचने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे लोगों की निजी भूमि पर खनन के लिए अस्थायी पॉइंट्स प्रदान किए जा सकें। इससे सरकार को राजस्व मिलेगा और लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। हिमाचल प्रदेश में अधिकांश दूध और सब्जियां पंजाब से आती हैं, जो कि केमिकल युक्त होती हैं। यदि प्रदेश के युवा डेयरी फार्मिंग पर ध्यान दें, तो उन्हें उच्च गुणवत्ता वाला दूध और दही सस्ते दामों पर मिल सकता है।

इसी प्रकार, युवाओं को मछली पालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन के लिए सरकारी सब्सिडी और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन न करें। हिमाचल में छोटी-छोटी नदियों की भरपूरता है, और यहां जल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करके रोजगार के नए अवसर बनाए जा सकते हैं। राज्य सरकार को जल आधारित मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। पर्यटन के क्षेत्र में होमस्टे, पैराग्लाइडिंग, योग और धार्मिक पर्यटन को विकसित किया जा सकता है। इसके अलावा हिमाचल के फोक कल्चर जैसे करियाला, धाजा आदि को आधुनिक स्वरूप में रोजगारपरक बनाकर विकसित किया जा सकता है। मेरे विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी में पैराग्लाइडिंग की अपार संभावनाएं हैं, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। ज्वालामुखी के बिल पट्टियां, जोकि एक चंगर क्षेत्र है, में पैराग्लाइडिंग शुरू होने से टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा और लोकल लोग जो कि गरीबी में अपना जीवनयापन कर रहे हैं, उनको रोजगार भी मिलेगा। हिमाचल में कई ऐसे स्थान हैं जिनका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है, जैसे ज्वालामुखी के मजिन क्षेत्र में एक भीम गोडा नामक स्थान पड़ता है, जिसका एक इतिहास है। सरकार को स्थानीय स्तर पर इन स्थानों और मंदिरों को चिह्नित कर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। हिमाचल प्रदेश में सिनेमा के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। हिमाचली सिनेमा अभी अपने विकास के प्रारंभिक चरण में है और इसमें आगे बढ़ने की क्षमता है। सरकार को पहाड़ी सिनेमा के विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना चाहिए। हिमाचल को देवभूमि कहा जाता है, जहां कई मंदिर और बौद्ध मठ हैं। इन धार्मिक स्थलों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित करना चाहिए और आसपास की सरकारी जमीन को रैंट पर देकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए। अगर सरकार उपरोक्त बातों को प्राथमिकता दे, तो बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव हो सकता है। साथ ही युवाओं में बढ़ते रोष को भी कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सरकार को शिक्षा संरचना में जरूरी बदलाव करने चाहिए ताकि भविष्य में युवा सक्षम और कुशल बन सकें।

आधुनिक समय में स्कूली छात्रों में उद्यमशीलता की सोच को विकसित किया जाना चाहिए, ताकि युवा केवल सरकारी नौकरी के पीछे न भागें। इसके अलावा सरकार को स्थानीय जड़ी-बूटियों, फलों और कृषि उत्पादों का विपणन करने के लिए सहकारी समितियां बनानी चाहिए। महिला समूहों को उद्यमिता के लिए प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जाए ताकि वे छोटे उद्योग स्थापित कर सकें। युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे अपने उत्पादों को व्यापक रूप से बेच सकें। विभिन्न कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाए, जहां युवा विभिन्न व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। स्थानीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे युवा कलाकारों को पहचान मिले। हिमाचल प्रदेश की विकास यात्रा में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि हम रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और कृषि एवं पर्यटन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं, तो हम न केवल बेरोजगारी की समस्या का समाधान कर सकेंगे, बल्कि स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों का भी संरक्षण कर पाएंगे। रोजगार मिलने से युवाओं का असामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान घटेगा।

# सच्चिदानंद

## चिंतन-मनन

भगवान के यों अगणित नाम हैं उनमें से एक नाम है सच्चिदानंद। सत का अर्थ है टिकाऊ अर्थात न बदलने वाला,न समाप्त होने वाला। इस कसौटी पर केवल परब्रह्म ही खरा उतरता है। उसका नियम,अनुशासन, विधान एवं प्रयास सुस्थिर है। सृष्टि के मूल में वही है। परिवर्तनों का सूत्र,संचालक भी वही है। इसलिए परब्रह्म को सत कहा गया है। चित का अर्थ है,चेतना, विचारणा। जानकारी, मान्यता,भावना आदि इसी के अनेकानेक स्वरूप हैं। इस संसार का सबसे बड़ा आकर्षण ,आनंद' है। आनंद जिसमें जिसे प्रतीत होता है वह उसी ओर दौड़ता है। शरीरगत इंद्रियां अपन-अपने लालच दिखाकर मनुष्य को सोचने और करने की प्रेरणा देती हैं। सुविधा- साधन शरीर को सुख प्रदान करते हैं। मानसिक ललक-लिप्सा, तृष्णा और अहंता की पूर्ति के लिए ललचाती रहती हैं। अंतःकरण की उत्कृष्टता वाला पक्ष आत्मा कहलाता है। उसे स्वर्ग, मुक्ति, ईश्वर प्राप्ति, समाधि जैसे आनंदों की अपेक्षा रहती है। वस्तुतः आनंद प्रकारांतर से प्रेम का दूसरा नाम है। अंधेरे में जितने स्थान पर टॉर्च की रोशनी पड़ती है उतना ही प्रकाशवान होता है। प्रेम को ऐसा ही टॉर्च प्रकाश कहना चाहिए, जिसे जहां भी फेंका जाएगा, वहीं सुंदर, प्रिय एवं सुखद लगने लगेगा। वैसे इस संसार में कोई भी पदार्थ या प्राणी अपने मूल रूप में प्रिय या अप्रिय है नहीं। हमारा दृष्टिकोण, मूल्यांकन एवं रु झान ही आनंददायक अथवा अप्रिय, कुरूप बनाता चलता है और दृष्टिकोण के अनुसार ही अनुभूति होती चली जाती है। आनंद ईश्वर की विभूति है। प्रेम को परमेश्वर कहा गया है। प्रिय ही सुख है अर्थात ईश्वर ही आनंद है। उसी के आरोपण से हम सुखानुभूति करते हैं। आत्मा परमात्मा का ही सूक्ष्म अंश माना गया है। आत्मा उसी सच्चिदानंद को निरंतर खोजती रहती है परंतु माया के अवरोध के कारण उसको प्राप्त नहीं कर पाती। जब माया का आवरण हट जाता है तो सच्चिदानंद के स्वरूप का बोध हो जाता है और वह उसी में निमग्न हो जाती है। आत्मा में सच्चिदानंद स्वरूप को प्राप्त करने की अभिलाषा शाश्वत है। उसे प्रेम या भक्तियोग से ही प्राप्त किया जा सकता है। यह लौकिक प्रेम की श्रेणी का नहीं अपितु अध्यात्म श्रेणी का है जिसके द्वारा सच्चिदानंद की प्राप्ति होती है। यह स्पष्ट जानना चाहिए कि परमात्मा के अनेकानेक नाम हैं। उनमें से सच्चिदानंद नाम भी सार्थक है।

# आपके पत्र

## स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधारों की जरूरत

**इसमें कोई** शक नहीं है कि मोदी सरकार देश को मुफ्त और सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। सबसे बड़ी और अच्छी योजना है आयुष्मान योजना। सरकार ने 70 साल के हर वर्ग के बुजुर्ग को इस योजना के तहत लाने के लिए भी काम किया है। सरकारें देश के नागरिकों को हर सुविधा और योजनाओं को डिजिटल तरीकों से उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। सरकारें यह भी मान कर चल रही हैं कि इससे लोगों का समय भी बचेगा और पारदर्शिता भी आएगी। सरकारों ने आम लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी डिजिटल तरीके से सुरक्षित रखने के लिए काम किया है। आभा अर्थात आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने के लिए अभियान जारी है। स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधारों की जरूरत है।

**केसी राय ,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### एंबुलेंस सेवा को पूरी तरह से ठप

**साहिबगंज :** 108 एंबुलेंस कर्मचारियों का तीन माह का वेतन भुगतान नही होने पर रांची के निदेश पर एंबुलेंस सेवा को पूरी तरह से ठप कर अनिश्चित हड़ताल पर चले गए। सोमवार को दर्जनों एंबुलेंस चालक ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों के नाम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।जिसमें बताया गया कि 108 एंबुलेंस के तहत हम सभी इएमटी और ड्राइवर पद पर कार्यरत हैं। विगत 03 माह जीभीके ईएमआरआई एवं जेडएचएल ने झारखण्ड राज्य के सभी जिला में हमारा वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। जिसके कारण हमारे जैसे अल्प वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने बहुत कठिनाई उत्पन्न हो रहीं हैं। जबकि हम लोगो ने 24र7 घंटा सेवा दे रहे हैं। हम सभी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर सभी लोगो ने अपनी हर प्रकार की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हमे माह जुलाई, अगस्त, सितंबर कंपनी के तहत से अभी तक का वेतन भुगतान नही हुआ हैं।

### तिनसुखिया ट्रेन को जमालपुर क्रू को देने का साहिबगंज के पायलटों ने विरोध

**साहिबगंज:** क्रू बुकिंग लॉबी से परिचालित 15658/15657 तिनसुखिया ट्रेन को जमालपुर क्रू को देने का साहिबगंज के पायलटों ने विरोध किया है। चालकों में मालदा रेल मंडल के सहायक विद्युत अभियंता को पत्र लिख कर विरोध जताया है। साहिबगंज के चालकों ने बताया कि
13428/13427 ट्रेन को भी परिचालन साहिबगंज से हटा कर हावड़ा से कराया जा रहा है। साहिबगंज के चालक 20 वर्षो से 13133/13134 ट्रेन वर्धमान तक संचालित कर रहे थे। लेकिन कोरोना काल में उक्त ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया। ऐसा करना साहिबगंज के चालकों के साथ अन्याय है। जबकि पहले जमालपुर से साहिबगंज तक चालक आया करता था। लेकिन फिर साहिबगंज से मालदा के लिए चालक का प्रस्थान होता था लेकिन अब यह सब बदल गया है। चालक लंबी दूरी की ट्रेन चलाने के लिए तैयार है लेकिन साहिबगंज से खुलने वाली साहिबगंज हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी हावड़ा से चालक दिया जा रहा है। जबकि साहिबगंज से चालक देना चाहिए। इधर संघ ने सभी मामले पर गंभीरता से विचार करने के लिए अधिकारियों को निवेदन किया है। चालक केके कमलेश, डीके तांती, डी गुप्ता, राजेश, बी रजक, आर के गुप्ता, मुकेश व अन्य ने विरोध जताया है।

### परिवहन पदाधिकारी ने सहयोग करने का दिया आश्वासन



**साहिबगंज :** ट्रक ओनर एसोसिशन के अध्यक्ष तिजारत खान के नेतृत्व में जिला परिवहन कार्यालय में नवनियुक्त जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी को बुके देकर स्वागत किया।और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष तिजारत खान ने जिला के सभी चेक नाका से गाड़ियां अंडर लोड चलाने की मुहिम पर सहयोग करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने सहयोग करने का आश्वासन दिया।मौके पर संगठन के अध्यक्ष तिजारत खान,सचिव अशोक कुमार गुप्ता,बबलू यादव,बृजेश कुमार राय उर्फ गुड्डू,मिथिलेश यादव, पिंटू राय,विकास कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### हर घर नल जल योजना की गड़बड़ियों को दुरुस्त करे विभाग : जिप उपाध्यक्ष

**लातेहार :** बालूमाथ जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो एवं अधीक्षण अभियंता पलामू राजमोहन सिंह से फोन पर बात की. उन्होंने इस दौरान बालूमाथ क्षेत्र में हर घर जल-नल योजना में आ रही शिकायतों से अवगत कराया. उपाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में दर्जनों ऐसे टोले हैं, जहां लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है. विभाग को सूचना देने के बाद भी इस पर मौन है.
कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि ह घर जल नल योजना का पांच साल तक मेंटेनेंस ठेकेदारों को करना था, लेकिन कोई भी ठेकेदार मेंटेनेंस नहीं कर रहा है. ऐसी स्थिति में जिप उपाध्यक्ष के द्वारा अधीक्षण अभियंता से फोन पर बात कर संबंधित ठेकेदारों पर नकेल कसने के लिए कहा. उन्होंने पूर्व में ही मुख्य सचिव को लिखे पत्र में यह चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते इस योजना की गड़बड़ियों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो आने वाले समय में क्षेत्र में सिर्फ जलमीनार के ढांचे खड़े मिलेंगे.

### प्रशासन को संयम से काम लेना चाहिए: अरुणा शंकर

**पलामू:** गढ़वा जिला के भंडरिया थाना अंतर्गत मदगड़ी गांव में रविवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच झड़प की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर घायल को देखने रामानुजगंज अस्पताल पहुंची. अरूणा शंकर ने कहा कि ऐसे मौके पर प्रशासन को संयम से काम लेना चाहिए. लेकिन उसकी जगह मदगड़ी में पुलिस प्रशासन के लोगों ने उग्र होकर हिंदुओं की भावना और आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया. जिस कारण मदगड़ी में सामान्य स्थिति बिगड़ गयी.
शंकर ने कहा कि वर्षों से जिस मार्ग पर मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकल रहा था. यदि उसे परिवर्तित किया जाना इतना ही जरूरी था तो इस पर कोई भी निर्णय लेने से पहले प्रशासन को हिंदुओं को विश्वास में लेना चाहिए था. पर इसके बदले प्रशासन हिंदू समाज के लोगों की आवाज दबाने के लिए गोली और लाठी की भाषा बोल रही है जो गलत है. उन्होंने कहा कि घटना में पुलिस की गोली से उदित कुमार गुप्ता जख्मी है. उसके पैर में गोली लगी है, जिसे आपरेशन कर निकाला गया है. अरूणा ने घायल के परिजनों से मुलाकात के बाद कहा कि जिस तरह झारखंड सरकार माहौल बनाने का प्रयास कर रही है उससे तो यही लग रहा है जैसे हिंदू समाज पर्व त्योहार ही मनाना छोड दे.

### एसपी ने नक्सल क्षेत्र में बूथ का किया निरीक्षण

**लातेहार :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एसपी ने नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया. एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को लातेहार जिला के बरियातु थाना के सुदूरवर्ती घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बूथ का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. साथ ही ग्रामीणों से मुलाकात कर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया. दरअसल लातेहार जिला कुछ वर्ष पहले तक अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में से एक था. यहां भयमुक्त और निर्भीक मतदान कराना प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती होती थी. नक्सलियों का भय ऐसा होता था कि कई इलाकों में तो मतदान केंद्र की ओर जाने से भी मतदाता कतराते थे. परंतु अब स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है.

# हाइवा की टक्कर से एक की मौत ग्रामीण ने किया सड़क जाम जताया विरोध

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** मंगलवार की सुबह लगभग 5:45बे तेज हाईवा की चपेट में आ जाने से करीब 67 वर्षीय एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।हलांकि परिजनों को घटना की जानकारी होने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे और आनन-फानन में उठाकर सदर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।बताया गया कि मृतक पूजा के लिए फूल तोड़कर साईकिल से वापस अपने घर सकरोगढ़ लौट रहा था।इसी क्रम में तेज गति से जा रहे हाईवे योगेन्द्र रविदास को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह वहीं गिर पड़ा पास के ग्रामीणों ने



उसकी पहचान कर घर वालों को सूचना दी।जानकारी होने पर परेशान घटनास्थल पर पहुंचे और योगेंद्र रविदास को उठाकर सदा अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने जहां से उपरांत मृत घोषित कर दिया। फिर परिजनों ने साहिबगंज गोविंदपुर पथ को घटनास्थल लोहंडा के समीप शव रखकर सड़क जाम कर दिया है। जहां परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर हाइवा मालिक को बचाने का आरोप लगाया है।हालांकि पुलिस प्रशासन ने बताया कि हाईवा जब्त कर थाना ले जाया गया है।चालक व उपचालक को हिरासत में ले लिया गया है।घटना के विरोध में परिजनों ने साहिबगंज गोविंदपुर पथ को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर मामले में परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। वहि समाचार लिखे जाने तक कार्यवाई की जा रही थी ।

### युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**लातेहार :** एक आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है. हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. घटना जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, रविवार को वह युवती आदिवासी महुआडांड बाजार आयी थी. वापस घर जाने के क्रम में युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और झाड़ियों में ले जा कर उसके साथ दुष्कर्म किया. बताया जाता है कि युवकों की संख्या चार थी. युवकों ने पीड़िता को इस घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की धमकी दी. लेकिन युवती ने घर जा कर इसकी जानकारी परिजनों को दी. सोमवार को परिजन व ग्रामीण महुआडांड़ थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दी. शिकायत मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. सभी महुआडांड़ के ही रहने वाले हैं.

# पाकुड़ में सीआरपीएफ हवलदार समेत तीन लोगों के मकान में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पाकुड़:** जिला मुख्यालय के सुदामा कॉलोनी में सीआरपीएफ हवलदार के बंद मकान में अज्ञात चोरों ने सोमवार रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है. चोरों ने निकट के दो अन्य मकान में भी घुसकर चोरी की है. तीनों मकान मालिक घर से बाहर गए हुए थे. चोरी की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की और मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला है.
मिली जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ हवलदार अनादि प्रसाद साहा के मकान से चोरों ने स्कूटी, इंवर्टर, बैटरी, टीवी सहित कई अन्य सामान चोरी की है. इसके साथ ही निकट स्थित किशोर कुमार के मकान से भी अलमीरा, बक्सा तोड़कर कई सामान चुरा लिए हैं. सूचना के मुताबिक सीआरपीएफ हवलदार कोटा में ड्यूटी करते हैं और इस मकान में ताला बंद कर रखा था. वहीं किशोर कुमार दुर्गा पूजा में अपने परिवार के साथ पैतृक गांव महेशपुर प्रखंड के रोलाग्राम गए हुए थे.
वहीं पास स्थित अधिवक्ता पिंटू दास के मकान में भी चोरी हुई है. अधिवक्ता पिंटू दास ने भी मामले की सूचना नगर थाने को दी. एक ही रात को तीन मकान में चोरी की घटना को लेकर लोग पुलिस गश्ती पर सवाल उठाने लगे हैं. लोगों का कहना है कि चोरों में पुलिस का भय नहीं रहने के कारण बेखौफ चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने बताया कि दोनों मकान मालिक अपने परिजन के साथ बाहर गए थे. इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है. थानेदार ने बताया कि दोनों मकान मालिक को सूचना दी गई है और लिखित आवेदन देने के बाद ही पता चल पाएगा कि क्या-क्या चोरी हुई है. थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों का सुराग मिला है और जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

# ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बिक रहे हैं नकली व अवैध शराब

**लातेहार:** उत्पाद विभाग की निष्क्रियता व उदासीनता के कारण जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में नकली व अवैध शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा है. अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों का मनोबल सातवें आसमान पर है. विजयादशमी को ड्राई डे था. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जम कर अवैध व नकली शराब की बिक्री हुई. यहां तक कि ऐसे कारोबारी जिला मुख्यालय में आकर भी अवैध व नकली शराब की आपूर्ति कर गये. ऐसे लोगों के द्वारा एनएच के किनारे अविस्थत होटल व ढाबों में शराब की आपूर्ति की गयी है. ये शराब की बोतलें कहीं से डुप्लिकेट नजर नहीं आते हैं.
बता दें कि इससे पहले पिछले साल तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के कार्यकाल में शहर के रिहायशी इलाका धर्मपुर मुहल्ले में अवैध व नकली विदेशी शराब बनाने की एक मिनी फैक्ट्री का उदभेदन पुलिस ने किया था. उक्त फैक्ट्री से काफी मात्रा में स्प्रीट, खाली बोतल, विदेशी शराब की बोतलों के रैपर व ढक्कन आदि बरामद किया था.जिला मुख्यालय में इतनी नकली शराब बनाने की इतनी बड़ी फैक्ट्री को देख कर पुलिस भी सकते में आ गयी थी. उस समय भी उत्पाद विभाग की कार्यशैली व गतिविधियों पर सवालिया निशान लगा था.
जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर अवैध रूप से महुआ की देसी शराब की चुलाई का जाती है. जिला मुख्यालय के बहेराटांड़, राजहार, अमवाटीकर व गिजनियाटांड़, शीशी, कल्याणपुर, धनकारा, होटवाग, रिमिगढ़ा समेत दर्जनों गांवों में अवैध रूप से महुआ की देशी शराब की चुलाई और बिक्री की जाती है. इन ठेकों से जिला मुख्यालय में भी देशी शराब की आपूर्ति की जाती है! उत्पाद विभाग के द्वारा खानापूर्ति के लिए कभी-कभार छापामारी की जाती है. अक्सर उत्पाद विभाग के अधिकारी मैन पावर कम होने का रोना रोते पाये जाते हैं.

# बेमियादी हड़ताल पर गए एंबुलेंस चालक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहार :** 108 एंबुलेंस चालक व (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) हड़ताल में चले गये है. विगत तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में उन्होंने यह कदम उठाया है. सोमवार को 108 एंबुलेंस के चालक व ईएमटी कर्मियों ने बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को मांग पत्र सौंपा है. बता दें कि एंबुलेंस चालक व टेक्नीशियन की हड़ताल में जाने से जिलेभर में एंबुलेंस की सेवा पूरी तरह प्रभावित है. मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. एंबुलेंस के अभाव सोमवार को अपील कुजूर व नरेश कुमार समेत कई लोग निजी वाहन से इलाज कराने रांची गए.
एंबुलेंस चालक बजरंगी सिंह ने बताया कि ईएलआरआई कंपनी के द्वारा अभी तक किसी भी कर्मचारी को नियुक्त पत्र या अन्य कोई सुविधा नहीं दिया है. नयी कंपनी टेंडर लेती है तो कर्मियो से नौकरी पर रखने के लिए मनमानी तरीके से रूपया की मांग की जाती है. पिछली कंपनी जेडएचएल कंपनी के अधिकारियों से बात किया तो कहा कि एनआरएचएम से अभी तक रूपया का भुगतान नहीं हुआ है इस कारण वेतन भुगतान लंबित है. टेक्नीशियन कृष्ण प्रसाद ने बताया कि वे लोग 24 घंटा ड्यूटी करते हैं. लेकिन उन लोगों का तीन माह से मानदेय नहीं मिल पाया है. परिवार का गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है. जब तक मानदेय भुगतान समेत अन्य मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा. मौके पर मदन कुमार महतो, क्यूम खान, आकाश गुप्ता, निशा मिंज, मोहम्मद अख्तर, फुलेश्वर नगेसिया, इमरान अंसारी, रोहित कुमार, राकेश कुमार व सुखलाल उरांव उपस्थित थे.

# धनबाद में कब्र के साथ छेड़छाड़ के बाद लोगों में आक्रोश, किया थाना का घेराव

मेट्रो रेज संवाददाता

धनबादः जिले के राजगंज थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात कब्रिस्तान में कब्र के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है. घटना की जानकारी मिलने पर दर्जनों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया और जमकर हंगामा किया. आक्रोशित लोग पुलिस से दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे. मामले में पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया है.दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है.

घटना के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण



घटना को लेकर पुलिस के प्रति लोगों में काफी गुस्सा देखा गया. घटना के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बन गई थी. आक्रोशित लोगों ने राजगंज थाना के सामने सड़क जाम करने की भी कोशिश की. लेकिन पुलिस स्थिति को संभालने में जुटी रही और लोगों को शांत कराने का प्रयास करती रही, लेकिन आक्रोशित लोग पुलिस की एक नहीं मानने के लिए तैयार थे. लोग फौरन घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे.
वहीं घटना की जानकारी मिलते ही रविवार की देर रात बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह राजगंज थाना पहुंचे. उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को किसी तरह से समझा-बुझाकर शांत कराया. साथ ही उन्होंने लोगों को कानूनी कार्रवाई का भी भरोसा दिया. जिसके बाद लोग थाना के सामने से हटे.इस संबंध में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि कब्र से छेड़छाड़ का प्रयास किया गया था. लेकिन पुलिस जांच में शव कब्र के अंदर सुरक्षित पाया गया है. आक्रोशित लोगों को शांत करा लिया गया है. पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

# चुनाव से पहले बड़कागांव वासियों को सौगात, 2 दिन में दो योजनाओं का शिलान्यास

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबागः** झारखंड में आज चुनावी बिगुल बजने वाला है. चुनाव की घोषणा से पहले झारखंड सरकार ने हजारीबाग के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए खजाना खोल दिया है. दो दिनों के अंदर दो महत्वपूर्ण शिलान्यास किया गया, जिसके तहत 34 करोड़ रुपये की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा. लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से ग्रिड सब स्टेशन का भी निर्माण होगा.
बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए रविवार और सोमवार का दिन बेहद खास रहा. रविवार को विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड के हरली गांव स्थित बुध बाजार निकट प्लस टू उच्च विद्यालय के पास डीएमएफटी फंड से लगभग 34 करोड़ की लागत से सरकारी डिग्री कॉलेज भवन निर्माण का शिलान्यास किया.
बड़कागांव के लिए 220/33 केबी ग्रिड सब स्टेशन का सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से ऑनलाइन शिलान्यास और विधायक अंबा प्रसाद ने ऑन द स्पॉट उपस्थित रहकर भूमि पूजन किया. पावर ग्रिड का निर्माण झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के द्वारा 35.44 करोड़ की लागत से पकरी बरवाडीह गांव स्थित एनटीपीसी के सब स्टेशन में होगा.
इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है. चुनाव के बाद से ही पावर ग्रिड बिजली सब स्टेशन को लेकर काम चल रहा था. सभी बाधाओं को पार करते हुए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है. पावर बिजली सब स्टेशन के निर्माण से उपभोक्ताओं को लगातार बिजली आपूर्ति मिलेगी.



# सामंथा रूथ प्रभु ने की आलिया के अभिनय की प्रशंसा जिगरा अभिनेत्री ने दी प्रतिक्रिया

**आलिया** भट्ट अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जिगरा की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं । भाई-बहन के इर्द-गिर्द घूमती यह एक्शन ड्रामा फिल्म आलिया के प्रशंसकों को पसंद आ रही है। आलिया के प्रशंसकों के अलावा यह फिल्म साउथ अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु को भी काफी पसंद आई। सामंथा ने फिल्म में आलिया के अभिनय की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। उन्होंने आलिया को टाइग्रेस कहा और फिल्म में उनके अभिनय की तारीफ की। साथ ही आलिया ने भी सामंथा की प्रशंसा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।


आलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद सैम । अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सामंथा रूथ प्रभु ने जिगरा का एक पोस्टर किया था। पोस्टर के साथ, उन्होंने आलिया भट्ट की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और उन्हें 'टाइग्रेस' कहा। उन्होंने निर्देशक वासन बाला और वेदांग रैना की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, @आलियाभट्ट आप बाघिन हैं! एक ऐसा प्रदर्शन जो इतना जोशपूर्ण और जीवन से भरा हुआ है कि मैं अपनी आंखें आपसे हटा नहीं पाई! आपने बेहद साहसी काम किया है। आपने अपने लिए जो मापदंड तय किए हैं वह वाकई में प्रेरणा देते हैं। वसन बाला द्वारा निर्देशित आलिया भट्ट की बहुप्रतीक्षित फिल्म जिगरा को अपने चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ओपनिंग वीकेंड के बाद, फिल्म के कलेक्शन में पहले सोमवार को 60 प्रतिशत की गिरावट आई। 11 अक्टूबर को रिलीज होने के बाद से इसकी कुल कमाई 18.10 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें पहले दिन 4.55 करोड़ रुपये, शनिवार को 6.55 करोड़ रुपये और रविवार को 5.5 करोड़ रुपये शामिल हैं।



काम की बात करें तो आलिया भट्ट फिल्म अल्फा में नजर आएंगी, जिसमें वह शरवरी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। वहीं सामंथा एक्शन वेब सीरीज सिटाडेलः हनी बनी में नजर आएंगी, जिसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने लांच किया पहली वेबसीरीज आदि शंकराचार्य का ट्रेलर

**वैश्विक मानवतावादी** और आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज आदि शंकराचार्य का ट्रेलर लांच किया। गुरुदेव ने कहा कि ज्ञान को समय-समय पर पुनर्जीवित करना आवश्यक है। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान को पुनर्जीवित किया। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और कर्म को एकत्र किया। उनका यही संदेश था कि जीवन दुख नहीं बल्कि आनंद है। यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीजन1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने बताया कि आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं, जिनका नाम तो प्रसिद्ध है लेकिन उनके जीवन की कहानी बहुत से लोगों को पता नहीं है।




उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन महत्वपूर्ण था, जिसमें उन्होंने देश भर में यात्रा की और सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया। उनके द्वारा स्थापित परंपराएं आज भी जीवित हैं और वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया कि यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देश भर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं। आदि शंकराचार्य के ट्रेलर का इस महत्वपूर्ण दिन पर विमोचन भारत के आध्यात्मिक अतीत की ओर एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरूआत को दशार्ता है। यह सीरीज 1 नवंबर से आर्ट ऑफ लिविंग ऐप पर उपलब्ध होगी जो इस महान राष्ट्रीय नायक की प्रेरणादायक जीवन की कहानी को विश्व भर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।

## 100 करोड़ के क्लब में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत की वेट्टैयन



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

# सलमान खान के सारे प्रोजेक्ट से लेगें ब्रेक, कुछ दिन घर ने नहीं निकलेंगे बाहर,बढ़ाई गयी सुरक्षा

**सुपरस्टार** सलमान खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई पुलिस ने अतिरिक्त प्रयास किए हैं। अभिनेता को आखिरी बार उनके करीबी सहयोगी बाबा सिद्दीकी के अंतिम संस्कार में देखा गया था। एनसीपी नेता की 12 अक्टूबर 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बॉलीवुड में सलमान खान के करीबी माने जाने वाले बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही काफी माहौल गरमाया हुआ है। बाबा सिद्दीकी की सरेआम हत्या ने जहां बदमाशों के हौसलों को बुलंद किया है तो वहीं दूसरी तरफ कई लोगों के लिए यह एक खतरे की घंटी हैं। वाई सुरक्षा में रहने वाले बाबा सिद्दीकी की हत्या सुरक्षा पर काफी सवाल उठाती हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ इस वारदात के बाद सलमान खान की सुरक्षा को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी। एजेंसियां बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई है। सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई पुलिस ने अतिरिक्त प्रयास किए हैं। अभिनेता को आखिरी बार उनके करीबी सहयोगी बाबा सिद्दीकी के अंतिम संस्कार में देखा गया था। एनसीपी नेता की 12 अक्टूबर 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



सलमान खान की सुरक्षा बढ़ाई गईः जानकार बता दें कि सलमान खान का फार्महाउस नवी मुंबई के पनवेल में है और इस फार्महाउस तक पहुंचने के लिए एक ही सड़क है जो गांव से होकर गुजरती है। इसलिए पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और अपनी खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया है कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या कोई भी दिखाई दे तो वे पुलिस को सूचित करें। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है और किसी भी तरह के इनपुट पर नजर रखी जा रही है ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की नृशंस हत्या के सिलसिले में महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ रही हैं। शुरूआती रिपोर्ट्स में सिद्दीकी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ होने की बात सामने आई थी, जिसके बाद दो मुख्य आरोपियों ने अपने संबंध की पुष्टि की थी। अब, मुंबई पुलिस की जांच के दौरान गिरोह की संलिप्तता के बारे में एक और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। इसके अलावा, सिद्दीकी की हत्या की जांच जारी रहने के साथ ही पुलिस पानीपत निवासी रणदीप की भूमिका की भी जांच कर रही है, जो वर्तमान में भारत से बाहर रह रहा है। रणदीप भी लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी है और मामले में उसकी संलिप्तता भी जांच के दायरे में है।

# बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप दो नवंबर से

## 32 देशों के 150 पायलटों ने किया आवदेन; 10 महिलाओं ने भी दिखाई दिलचस्पी, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक इनाम

**नई दिल्लीः** बीड़ बिलिंग में दो से नौ नवंबर तक होने जा रहे दूसरे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने के लिए दुनिया भर के 32 देशों से 150 पायलटों ने आवेदन किया है, जिनमें भारत के 25 पायलट शामिल हैं। अब तक करीब 10 महिला पायलटों ने भी रुचि दिखाई है। इसी के साथ बिलिंग घाटी में हर रोज 200 से 300 तक टेंडम उड़ानों के माध्यम से बाहरी राज्यों के पर्यटक लुत्फ उठा रहे हैं, जबकि 200 के करीब फ्री फ्लायर बिलिंग घाटी के नीले आकाश में उड़ान भरकर अभी से प्रैक्टिस में जुटे चुके हैं। इस बार पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के विजेता को तीन लाख रुपए नकद व ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर आने वाले पायलट को 2.60 लाख और तीसरे स्थान पर आने वाले पायलट को 2.10 लाख दिए जाएंगे।

महिला विजेता को 2.10 लाख, उपविजेता को 1.65 लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाली पायलट को 1.25 लाख रुपए इनाम रखा गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय पायलटों को अलग से इनाम दिया जाएगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक विनय धीमान का कहना है कि टेक ऑफ साईट बिलिंग में जल्द ही रबड़ की मेट डाल दी जाएगी। साथ में बिलिंग व लैंडिंग साइट को भी ठीक किया जा रहा है।



बिलिंग में सुविधाओं का टोटाः दो नवंबर से शुरू होने वाले पैराग्लाइडिंग के दूसरे वर्ल्ड कप को लेकर सुविधाओं का टोटा नजर आ रहा है। बिलिंग में अब तक पीने का पानी नहीं पहुंच पाया है। साडा प्रशासन द्वारा टैंकों के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जा रही है। उधर, पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग जल्द ही बिलिंग के टेक ऑफ प्वाइंट को ग्रीन मैट से कवर करेगा। मैट को बिछाने के साथ टेक ऑफ प्वाइंट के साथ लगते एरिया का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

जोरों से चल रही तैयारियांः बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि इस बार होने जा रहे वर्ल्ड कप को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने आ रहे पायलटों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। टेक ऑफ साइट बिलिंग व लैंडिंग साइट क्योर में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए व्यवस्था की जा रही है।



## बीसीसीआई का बड़ा फैसला एसएमएटी टूर्नामेंट से हटा इंपैक्ट प्लेयर नियम

**मुंबईः** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के इस सत्र से इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू नहीं होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इम्पेक्ट प्लेयर नियम एमएमएटी इस सीजन से ही नहीं लागू होगा। इस नियम को दो वर्ष पहले एसएमएटी में लागू किया गया था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग में भी इसे लाया गया। हाल में हुई घोषणा के अनुसार यह नियम आईपीएल में अगले तीन सत्र यानी की 2027 तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2023 में इस नियम के आने के बाद से लगातार इसके खिलाड़ियों पर प्रभाव और मदद को लेकर पर चर्चा हो रही है।

# गंभीर की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले चेतावनी; कहा- जितना जोखिम, उतना फायदा

**एजेंसियां/बंगलुरुः** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे, क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा, उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी, लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की सीरीज से पहले कहा, हमें उन पर लगाम लगाने की क्या जरूरत है। अगर वह नैसर्गिक क्रिकेट खेल सकते हैं, अगर वह एक दिन में 400 से 500 रन बना सकते हैं, तो इसमें क्या गलत है।




हम जितना अधिक जोखिम उतना फायदा, जितना जोखिम उतनी असफलता की संभावना का रवैया जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, कोई ऐसा दिन भी होगा, जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए, लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलायिों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्त्वपूर्ण बना रहेगा। विराट कोहली में रन बनाने की भूख पहले की तरह अब भी बरकरारः कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकारार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है। गौतम ने कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। गंभीर ने विराट के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा, मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपङ्क्षनग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है।

न्यूज ब्रीफ



## टैंकों से उठ रही लपटें, हिजबुल्लाह की इजरायली सेना के साथ झड़प जारी

**बेरूत:** हिजबुल्लाह ने कहा है कि दक्षिणी लेबनान के कई सीमावर्ती गांवों में इजरायली बलों के साथ उसकी झड़प हुई या हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि इस्लामिक प्रतिरोध लड़ाके विभिन्न प्रकार की मशीनगनों, रॉकेटों और तोपखाने के गोले का उपयोग करते हुए ऐता अल-शाब गांव में इजरायली दुश्मन बलों के साथ हिंसक झड़पों में लगे हुए हैं। झड़पें अभी भी जारी हैं। शिया समूह ने बाद में एक अन्य बयान में ऐता अल-शाब के बाहरी इलाके में निर्देशित मिसाइलों से तीन इजरायली मर्कवा टैंकों को निशाना बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि टैंकों को उनके अंदर जलते हुए देखा गया और उनसे आग की लपटें उठ रही थीं। अन्य अलग-अलग बयानों में, समूह ने कहा कि उसने माकार्बा गांव के बाहरी इलाके, लब्बौनेह अक्ष और दक्षिणी लेबनान में खालेट वर्देह के मैदान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे इजरायली बलों का सामना किया था।

## अमरीका-ब्रिटेन के अर्थशास्त्रियों को मिला इकोनॉमिक्स का नोबेल



**एजेंसियां / स्टॉकहोम:** अमरीका और ब्रिटेन के तीन अर्थशास्त्रियों को इस साल का इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज दिया गया है। विजेताओं में तुर्किश मूल के अमरीकी डेरन एसेमोग्लू, ब्रिटिश मूल के अमरीकी साइमन जॉनसन और ब्रिटेन के जेम्स ए रॉबिनसन शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के बनने और समाज की तरक्की पर उनके पढ़ने वाले असर पर रिसर्च के लिए यह सम्मान मिला है। तीनों अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि कैसे गरीब देश सालों की तरक्की के बावजूद अमीर देशों की तरह विकसित नहीं हो पाए हैं। विजेताओं ने राजनीतिक संस्थाओं के समाज पर असर को तीन तरह से समझाया है। पहला, रिसोर्सेज का बंटवारा कैसे होता है। समाज में फैसले लेने की शक्ति किसके पास है। इस आधार पर अमीर वर्ग और आम जनता के बीच संघर्ष रहता है। दूसरा, जनता संगठित होकर कभी-कभी सत्ताधारी वर्ग को धमकाती है। ऐसा करके वह सत्ता से अपनी बात मनवाते हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि समाज की ताकत सिर्फ कुछ फैसले लेने तक सीमित नहीं है। तीसरा, कई बार अमीर सत्ताधारी वर्ग की यह मजबूरी होती है कि वे फैसला लेने का अधिकार जनता को सौंप दें।

## कोलकाता डॉक्टर रेप- मर्डर केस अनशन पर बैठे चार डॉक्टर आईसीयू में




**कोलकाता:** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। पांच अक्तूबर से अनशन पर बैठे ट्रेनी डॉक्टरों में से एक और डॉक्टर की रविवार रात को हालत गंभीर हो गई है। अनशन पर बैठे डॉक्टरों की सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ बैठक हुई, जो बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। मीटिंग से बाहर आने के बाद पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम के अध्यक्ष डॉ. कौशिक ने कहा कि कुछ नहीं हुआ, रिजल्ट जीरो। 10 दिन हो गए हैं, चार डॉक्टर आईसीयू में हैं और एक बहुत बीमार है। हमने सरकार से उन प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से बात करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कहा कि वे देखेंगे, उन्हें अनुमति की आवश्यकता होगी। वे अहंकारी हो रहे हैं। उधर, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सोमवार से देशभर में दो दिन हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरान सिर्फ एमर्जेंसी सर्विस चालू रहेंगी। वहीं, आईएमए ने कहा कि मंगलवार को देशभर में डॉक्टर्स सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक अनशन करेंगे।

## डैम में मिला लापता पत्नी व बच्चे का शव

**जमुई:** लापता पत्नी व बच्चे का शव डैम में मिला. घटना झाझा थाना क्षेत्र की है. मृत मां व बेटे की पहचान कर्मा गांव निवासी पप्पू यादव की पत्नी रिंकू देवी (24) और बेटे प्रियांशु कुमार (3) के रूप में हुई है. पुलिस ने सोमवार को मां-बेटे का शव थाना क्षेत्र स्थित नागी डैम से बरामद किया. पुलिस ने दोनो को शव को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतका के पति पप्पू यादव ने बताया कि रविवार की दोपहर लगभग एक बजे से उसकी पत्नी और बच्चा लापता थे. उनकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका. जबकि दूसरी ओर मृतका के पिता सुरेश यादव ने अपने दामाद पर ही बेटी और नाती की हत्या का आरोप लगाया है। इससे मामला उलझता जा रहा है। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी दस साल पूर्व कर्मा गांव निवासी पप्पू यादव से की थी. लेकिन शादी के कुछ ही महीनों के बाद से पति समेत ससुराल वालों द्वारा दो लाख रुपये नकदी, बाइक और बर्तन की मांग की जाने लगी छी. इसे लेकर बेटी से मारपीट भी की जाती थी. उसे प्रताड़ित किया जाता था. बताया कि दो दिन पूर्व भी बेटी के साथ ससुराल वालों द्वारा बीड़ी बनाने के पैसे 22 सौ रुपये की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की गई थी. उसके बाद रविवार की दोपहर से बेटी व नाती लापता थे. कहा कि जब लापता होने की सूचना मिली तो उसके ससुराल पहुंचकर खोजबीन करने की बात कही. तब वे खोजने को तैयार नहीं थे और न ही उनके लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई. बताया कि सोमवार को ग्रामीणों से दोनों के शव नागी डैम में मिलने की सूचना मिली। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# दिल्ली- एनसीआर में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण का स्तर, सरकार ने बुलाई हाई लेवल बैठक



**नई दिल्ली:** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में धीरे-धीरे प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और स्थिति खराब हो रही है। एक्यूआई खतरे के निशान के पार पहुंच गया है। नोएडा ग्रेटर, नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर एक्यूआई 300 के आंकड़े को पार कर चुका है। इसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने आज एक हाई लेवल बैठक बुलाई है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी (उट ने यह हाई लेवल बैठक बुलाई है जिसमें सभी विभाग के अधिकारी और मंत्री शामिल होंगे। इसके साथ ही दिल्ली समय पूरे एनसीआर में ग्रैप का पहला चरण लागू कर दिया गया है जो आज मंगलवार सुबह 8 बजे से प्रभावी हो जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पहले ही विंटर एक्शन प्लान जारी कर चुके हैं और उनके मंत्रालय द्वारा जगह-जगह जाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि डस्ट और पॉल्यूशन से पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे।

आज की इस बैठक में गोपाल राय भी शामिल होंगे। दिल्ली सरकार ने इस बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पहले ही 1 जनवरी तक पटाखे जलाने, रखने और बनाने पर रोक लगा दी है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों की बात करें तो दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 416 दिखा रहा है। जो सबसे खतरनाक श्रेणी में आता है इससे लोगों को सांस लेने में काफी ज्यादा परेशानी महसूस होती है। गौरतलब है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने हवा में निरंतर बढ़ रहे प्रदूषण के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम यानी ग्रैप के पहले चरण को लागू कर दिया है। इसके तहत आतिशबाजी होटल रेस्टोरेंट में कोयला और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है इसके साथ ही खुले में कूड़ा फेंकना और कचरा जालना भी पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केसः चौथे आरोपी जीशान अख्तर के घर पर ताला, परिजन गायब



**जालंधर :** मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का चौथा आरोपी जीशान अख्तर पंजाब के जालंधर स्थित शंकर गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक हत्याकांड के इस आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है और उसके परिजन गायब हो चुके हैं।

जीशान अख्तर, शंकर गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ा है। उसकी मां और एक बहन की मौत हो चुकी है, जबकि पिता और एक भाई घर छोड़कर जा चुके हैं। फिलहाल घर में ताला लगा हुआ है।

उसी गांव के एक युवक ने पत्रकारों को बताया कि जीशान अख्तर पहले ठीक था। लेकिन, जब से ये बिश्नोई गैंग में गया, तब से गांव में नहीं आया। खबरों से पता चला कि महाराष्ट्र के नेता की हत्या में इसका नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि तीन-चार साल पहले जीशान अख्तर बिश्नोई गैंग में गया था। सिद्धू मूसेवाला मर्डर में भी इसका नाम शामिल था।

युवक ने बताया कि आरोपी के पिता की गांव में किसी से झगड़ा हुआ था, उसका बदला लेने के लिए ये बिश्नोई गैंग में चला गया। एक अन्य ग्रामीण ने बताया करीब पिछले 15 दिनों से जीशान अख्तर का परिवार गायब है। उसके पिता टाइल्स से जुड़ा काम करते थे।

बताया जा रहा है जीशान अख्तर, सौरभ महाकाल का दोस्त है, क्राइम ब्रांच की टीम ने सलमान खान के पिता सलीम खान को एक धमकी भरा नोट देने के मामले में सौरभ से पुणे जाकर पूछताछ की थी। सौरभ महाकाल का असली नाम सिद्धेश काम्बले है।

बता दें कि बीते शनिवार रात को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को गोली लगने के बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों के मुताबिक, बाबा के पेट और छाती पर गोली लगी थी।

जांच कर रही पुलिस के अनुसार मर्डर में शामिल आरोपियों के नाम शिवा, धर्मराज और गुरमेल हैं। शिवा और धर्मराज उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। इन दोनों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है, जबकि गुरमेल हरियाणा का रहने वाला है। वहीं, चौथे आरोपी की पहचान मोहम्मद जीशान अख्तर के रूप में हुई है।

## जेपीसी बैठक से विपक्ष का वॉकआउट, खडगे पर लगा आरोप

**खडगे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप, चेयरपर्सन को हटाने की मांग**



**नई दिल्ली:** वक्फ बिल पर बनी ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर वक्फ संपत्ति कब्जाने का आरोप लगा। इससे नाराज विपक्षी दलों के सांसदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। स्पीकर से मिलने का समय भी मांगा। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खडगे को बदनाम करने के लिए थी।

अनवर ने अपने प्रेजेंटेशन में खडगे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया, जिसका विपक्षी सांसदों ने विरोध किया। दरअसल, मार्च, 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी। वहीं, केरल विधानसभा ने सोमवार बिल के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार इसे वापस लेने का आग्रह किया है। वक्फ (संशोधन) बिल आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था और विपक्ष की आपत्ति के बीच इसे जेपीसी को सौंपा था। कमेटी को अगले संसद सत्र के पहले सप्ताह के आखिर तक अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौंपनी है।

## रिलायंस-एचडीएफसी बैंक में बिकवाली, ऊपरी स्तरों से 600 अंक फिसला सेंसेक्स, निफ्टी 25100 से नीचे



**नई दिल्ली:** शुरूआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दिख रही है। दिन के ऊपरी स्तरों से बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया है। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली के कारण ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 600 अंकों तक नीचे फिसल गया। दूसरी ओर, निफ्टी भी कमजोर 25100 के नीचे आ गया। इससे पहले, बाजार में मंगलवार को भी बढ़त का सिलसिला जारी रहा। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार की शुरूआत हरे निशान पर हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 327.39 अंक चढ़कर 82,300.44 पर पहुंच गया; दूसरी ओर, निफ्टी 84.1 अंकों की मजबूती के साथ 25,212.05 पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले सेंसेक्स में 82,101.86 और निफ्टी में 25,186.30 के स्तर पर ओपनिंग हुई। ऑटो-मेटल को छोड़कर सभी सेक्टर हरे निशान परः नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर ऑटो और मेटल को छोड़कर सभी सेक्टोरल स्टॉक हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। कारोबार के शुरूआती घंटे में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। दूसरी ओर ओएनजीसी, टाटा स्टील, हिंडाल्को, एमएंडएम और जेएसडब्ल्यू के शेयरों में नुकसान दिखा। इससे पहले सोमवार को घरेलू बाजार में सकारात्मक रुझान के साथ कारोबार होता दिखा था और सेंसेक्स-निफ्टी दिन के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। हुंडई का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए खुलाः मंगलवार को कार बनाने वाली कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ निवेशकों के लिए खुला। आईपीओ के लिए निर्गम मूल्य 1865 रुपये से 1960 रुपये तय किया गया है। इसके अलावा, निवेशक रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी निवेशक प्रतिक्रिया देंगे। कंपनी का शुद्ध लाभ पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में 9.4 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक बाजार में दिखा मिला-जुला रुखः इस बीच, मंगलवार को एशियाई बाजार में मिले-जुले ढंग से कारोबार होता दिखा।

## रॉन्ग साइड से आ रही बाइक ट्रक से टकराई, एक की मौत दूसरा घायल

**कटिहार :** के रौतारा थाना क्षेत्र स्थित कटिहार-पूर्णिया एनएच पर सड़क हादसा हुआ है. जिसमें रॉन्ग साइड से आ रही बाइक ट्रक से टकरा गई. बाइक पर दो लोग सवार थे. हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया. मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है. इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. वहीं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस ने बताया कि छानबीन में हादसे का सीसीटीवी फुटेज मिला है।

# तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश, चार की मौत



**चेन्नई:** दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव का क्षेत्र अभी उसी क्षेत्र में बना हुआ है और कल उत्तरी तमिलनाडु की ओर बढ़ने की संभावना है।

वहीं कल शाम से चेन्नई शहर और उपनगरों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में छिटपुट से लेकर भारी बारिश हुई और कल शाम से राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मौतें बिजली गिरने और दीवार गिरने के कारण हुईं और राज्य सरकार ने सोमवार देर रात ही पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार सुबह कहा कि इस प्रणाली पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और आज तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक स्पष्ट रूप से चिह्नित कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा।

इसके बाद इसमें तब्दीली होने और उत्तर तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और इससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव में तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में आज अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, जिससे तमिलनाडु और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून के आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा। मौसम विभाग के अनुसार कि बुधवार को तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और उत्तर तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 17 अक्टूबर को आंतरिक तमिलनाडु में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन (जिन्होंने मौसम कार्यालय द्वारा विभिन्न पूर्वानुमान मॉडलों के आधार पर आज भारी बारिश और कल 20 सेमी से अधिक अत्यधिक भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद मानसून की तैयारियों की समीक्षा की) ने आज चेन्नई और तीन आसपास के जिलों में सभी स्कूलों और कॉलेजों के लिए अवकाश घोषित किया है और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों को अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहने का निर्देश दिया है। भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर संबंधित कलेक्टरों द्वारा कुड्डालोर, विल्लुपुरम और अन्य जिलों में स्कूलों और कॉलेजों के लिए भी छुट्टियां घोषित की गईं।

श्री स्टालिन ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में किए गए एहतियाती इंतजामों की भी समीक्षा की इन जिलों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट और तीन अन्य जिलों के साथ कल के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरी तमिलनाडु और आंतरिक जिलों सहित राज्य के कुल 15 जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, चेन्नई क्षेत्रीय मौसम निदेशक एस. बालचंद्रन ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है, क्योंकि पूरे राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी नहीं किया गया है। चेन्नई और पड़ोसी जिलों सहित उत्तरी तमिलनाडु के तटों पर भारी बारिश होगी। कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि आज भारी बारिश और कल अत्यधिक बारिश की संभावना है।

इस बीच, मध्य क्षेत्र सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में कल शाम से छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर बारिश हुई, जिससे मुख्य सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया। चेन्नई शहर और उपनगरों में भी कल रात से छिटपुट बारिश हुई और पूरी सरकारी मशीनरी तथा ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बारिश के कहर से निपटने के लिए सभी एहतियाती इंतजाम किए हैं। चेन्नई में कम से कम 190 राहत केंद्र खोले गए हैं, जहाँ निचले इलाकों और बाढ़ की आशंका वाले इलाकों से निकाले गए लोगों को रखा गया है और हर केंद्र में 1,500 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था सहित सभी बुनियादी सुविधाएँ तैयार की गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार तेज हवाएँ और गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है, इसलिए सबवे और अन्य इलाकों में रुके हुए पानी को बाहर निकालने के लिए उच्च शक्ति वाले मोटर पंप और पेड़ काटने वाली मशीनें और जनरेटर तैयार रखे गए हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को चेन्नई और उन तीन जिलों में तैनात किया गया है (जहाँ आज और कल भारी बारिश होने की संभावना है) ताकि बचाव और राहत प्रयासों के लिए काम किया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को बचाने के लिए प्रशिक्षित मछुआरों के साथ नावों को भी स्टैंडबाय में रखा गया है और 13,000 से अधिक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) स्वयंसेवकों को बचाव और राहत कार्यों के लिए तैयार किया गया है। चेन्नई निगम की सीट रिपन बिल्डिंग में आधुनिक नियंत्रण कक्ष में चौबीसों घंटे बारिश की स्थिति की निगरानी की जाएगी, जिसमें चार शिफ्टों में 150 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। निगम ने राहत कार्यों की निगरानी के लिए सभी वार्डों में निगरानी नियुक्त की है और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन भी खोली हैं। चेन्नई मेट्रो रेल और एलिवेटेड एमआरटीएस ट्रेन सेवाओं को जनता के लाभ के लिए अतिरिक्त सेवाओं के साथ संचालित किया जाएगा। चेन्नई मेट्रो ने घोषणा की कि सभी हिस्सों में हरे रंग में हर पांच मिनट और नीले रंग के गलियारे में तीन मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आया है और उसने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पतालों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त बिस्तरों और दवाओं के पर्याप्त स्टॉक के साथ तैयार रहने को कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष्मान कुमार को बोकारो जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया



युवा वाहिनी भारत के प्रदेश अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता आयुष मिश्रा संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में कारगर पहल कर रहे हैं और इसी क्रम में उन्होंने बोकारो जिला में आयुष्मान कुमार को बेहतर संगठन का दायित्व सौंपते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री मिश्रा ने कहा कि आयुष्मान कुमार के जिला अध्यक्ष बनने से युवा वाहिनी काफी सशक्त होगी। वहीं आयुष्मान कुमार ने कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसका मैं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

### ऐतिहासिक पड़हा जतरा 18 से मुडमा में आयोजित



**मांडर।** पारंपरिक राजकीय ऐतिहासिक पड़हा जतरा इस वर्ष 18 और 19 अक्टूबर को मुडमा में आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी को लेकर 14 अक्टूबर, सोमवार को केंद्रीय राजकीय पड़हा जतरा मुडमा संचालन समिति और स्थानीय प्रशासन के साथ अंतिम समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जतरा की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया और आयोजन के दौरान सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, पेयजल, बिजली, और शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाओं की तैयारी पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में डीएसपी रामनारायण चौधरी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ चंचला कुमारी सहित राजी पड़हा जतरा संचालन समिति के अनिल उराव, मनोज उराव, रंथू उराव, मुखिया बंधन उराव, बहादुर उराव, जतरू उराव, विहारी उराव, जट्टा उराव, और विश्वास उरावकुणाल उराव उपस्थित थे। आगामी जतरा में हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे, और इसकी तैयारी को लेकर स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति ने विशेष ध्यान दिया है।

### बाघवार अकादमी में हुआ मां दुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन




**चान्हो।** बाघवार अकादमी के प्रांगण में सोमवार को कक्षा 5, 8 और 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का प्रभावशाली नाट्य मंचन किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों– शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री–को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया गया, जिसमें महिषासुर वध का भी प्रदर्शन हुआ।

इस नाट्य मंचन को केवल दो दिनों की अल्प अवधि में तैयार किया गया, और इसके निर्देशन का कार्य कक्षा 8 के आचार्य कुलदीप कुमार ने किया। मंचन में भाग लेने वाले छात्रों में कक्षा 9 की श्रेया रानी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, सुचिता कुमारी, रेशमा कुजूर, आदिति कुमारी, अंजली कुमारी, इशा प्रिया, माही कुमारी, पीहू रानी, निशा कुमारी, शिवम तिवारी, राहुल कुमार शामिल थे। कक्षा 8 से आकांक्षा कुमारी और अरुण टोप्पो, तथा कक्षा 5 से सांची सलोनी, शिवानी कुमारी, आलिया निशा ने भी शानदार भूमिका निभाई।

समारोह के दौरान मंच संचालन कुलदीप कुमार ने किया। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने अपने संदेश भाषण में दुर्गा पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे अपने भीतर की बुराइयों को त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलें, क्योंकि अंततः सत्य की ही जीत होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षिकाएं, और नॉन-टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे, जिन्होंने इस नाटिका की सराहना की।

### मोटरसाइकिल और पिकअप ट्रक की टक्कर में दो लोग घायल

**मांडर :** थाना क्षेत्र के बुरहाखुखरा गांव में सोमवार दोपहर लगभग 3:00 बजे मोटरसाइकिल और पिकअप ट्रक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बुरहाखुखरा, उप्पर टोली निवासी 26 वर्षीय सूरज कच्छप (पिता - बीगा कच्छप) और उसी गांव के 28 वर्षीय मनीष खलखो (पिता - शुक्रा उरांव, ) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, पिकअप ट्रक टांगर बसली से सामान खाली कर वापस लौट रहा था। बुरहाखुखरा के मोड़ पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी टक्कर हो गई। ड्राइवर ने मानवीयता का उदाहरण देते हुए दोनों घायलों को मांडर के रेफरल अस्पताल में पहुंचाया।हादसे में मनीष खलखो का पैर टूट गया और उनके माथे में गहरी चोटें आई हैं। सूरज कच्छप को भी सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसके चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाबा नर्सिंग होम रेफर किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल, पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अत्याचार करने वाले रावण रूपी चरित्र को भी नष्ट करने की जरूरत : हरेलाल

**सरायकेला :** नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी के सोना डूंगरी में सोमवार को आयोजित रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों का हुजुम उमड़ा. रावण दहन के पूर्व झुमर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर रंजीत महतो एंड लिपिनी झूमर दल ने लोगों का खूब मनोरंजन किया. एक से बढ़कर एक झुमर सुनाकर कलाकारों ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबुर कर दिया. यहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अहंकार रूपी विशालकाय रावण के पुतले को जलाया गया. रावण दहन के पूर्व आतिशबाजी भी किया गया. रावण दहन के अवसर पर यहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं. इस अवसर पर मुर्गा पाड़ा का भी आयोजन किया जाता है. रावण दहन कार्यक्रम में झिमड़ी में मेला जैसा नजारा था. रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो शामिल हुए.

हमें आप पर गर्व है सर

# चक्रधरपुर के अनुमण्डल अस्पताल के प्रभारी ने उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया






**बिनय मिश्रा**

ऐसे भी होते हैं अधिकारी जिन्हें काम करना लगता है बेहतर प्यारी। दोहरी जवाबदेही का भी करते हैं निर्वहन। ऐसे अधिकारी से प्रसन्नचित रहते हैं आमजन। चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सापदाधिकारी डॉ0 अंशुमन शर्मा दुर्गा पूजा विसर्जन के समय चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर चिकित्सा डियूटी कर रहे थे। इसी क्रम में हज को जाने वाले लोगों के साथ समाजसेवी सह वैक्सिनमेन के नाम से सुविख्यात तज्जमुल हुसैन उर्फ जॉनी भाई इनके हज पर जाने के लिए मेडिकल जांच के लिए पहुंचे क्योंकि यह अतिआवश्यक था। इस गंभीर विषय को जानने और समझने के पश्चात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अंशुमन शर्मा ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए तत्काल इनके कार्यों को निस्पादन किया। हज पर जाने वाले हज यात्रियों ने ऐसे चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए हृदय से दुआ किया तो वहीं समाज सेवी तज्जमुल हुसैन ने कहा कि ऐसे भी अधिकारी होते हैं जो किसी कि परेशानी और समस्या को समझने के पश्चात उसका तत्क्षण निस्पादन करते हैं। वहीं दुर्गा पूजा विसर्जन के समय अपने जवाबदेही का निर्वहन करने वाले अनुमण्डल चिकित्सा पदाधिकारी एक ओर जहां इस स्थल पर बैठकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे वहीं इन हज पर जाने वाले लोगों की समस्या को जाना और समझा तथा तत्क्षण निवारण भी किया। जिन लोगों का अनुमण्डल चिकित्सा पदाधिकारी ने 2025 में चक्रधरपुर से हज के लिए जाने वालों की चिकित्सा जांच की उनका नाम निम्न प्रकार है - मो0 आकिब अंसारी, सरताज हुसैन, जहां आरा, अरसद खान मुख्य रूप से शामिल है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि ऐसे चिकित्सक से विभाग, राज्य और जिला गौरवान्वित होता है।

### कैबिनेट से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पोटका के निर्माण की मिली स्वीकृति

जमशेदपुर : तकनीकी शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों के लिए सोमवार ऐतिहासिक दिन साबित हुआ. क्योंकि अब पोटका में जल्द राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण होगा. सोमवार को आयोजित केबिनेट की बैठक में पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 136 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. विधायक संजीव सरदार ने बताया कि अब गरीब छात्र-छात्राएं भी अपने घर के पास तकनीकी शिक्षा हासिल कर भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं. विधायक ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण के लिए पोटका के रुगड़ीसाई मे 22 एकड़ भूमि का प्रस्ताव भेजा गया था. विधायक ने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि डुमरिया में भी साइंस पार्क निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है. आने वाले समय में हजारों छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा में दक्ष बनने के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे. उन्होंने कहा हेमंत सोरेन की सरकार गांव तक उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए प्रयासरत है. क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव कोशिश किया जा रहा है.

## विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने आदिवासी समाज की उन्नति पर जोर दिया



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलेबिरा:** विधानसभा क्षेत्र के अघरमा पंचायत के शिवनाथपुर में आयोजित विशेष बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने आदिवासी समाज की उन्नति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा-झापा गठबंधन आदिवासियों को धर्म और जाति के आधार पर लड़ाने का प्रयास कर रही है।

विक्सल ने आगे कहा कि झारखंड सरकार ने आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों, और महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने लोगों से एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों और मूलवासियों का सर्वांगीण विकास था, लेकिन भाजपा और उनके सहयोगियों ने आदिवासियों को लूटने के लिए काम किया।

विक्सल ने आगे कहा कि पूर्व विधायक एनोस एक्का ने भी आदिवासियों के विश्वास को तोड़कर भाजपा के साथ मिलकर काले कानून बनाए। लेकिन कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने आदिवासियों और मूलवासियों के विकास के लिए काम किया है।

बैठक में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक फुलकेरिया डांग और जमीर खान, जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील खड़िया, महिला प्रखंड अध्यक्ष महिमा केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगड़ी और जोसेफ सोरेंग, जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन, पंचायत अध्यक्ष कंदरु नायक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, पीटर टेटे, रवि गोप, घुटबहार अध्यक्ष सुनील जोजो, संतोष टेटे, मनोज डुंगडुंग, बिनोद केरकेट्टा, शाहपुर महिला अध्यक्ष मंजुला कुल्लु, मृदुल डुंगडुंग, तेलानी डुंगडुंग सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## जनता का विश्वास जीतते हुए हर बूथ में करें जीत दर्ज : एनोस



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**केरसई :** जनता का विश्वास जीतते हुए हर बुथ में अच्छा प्रदर्शन करते हुए विस चुनाव में जीत दर्ज की जाएगी। झापा का हर कार्यकर्ता अपने आप में एनोस एक्का है। केरसई में आयोजित झापा के बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने संबोधित किया। एनोस एक्का ने उपस्थित कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों से जनता उब चुक है। झापा को नए विकल्प के रुप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता गांव के हर ग्रामीण के घर तक पहुंचे और पार्टी स्तर पर लोगों की समस्या को दूर करते हुए उनका विश्वास जीतने का काम करें। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी का रीढ़ बताते हुए कहा कि कार्यकताओं के दम पर ही चुनाव लड़ा जा रहा है। मौके पर सभी बुथ स्तरीय कार्यकताओं को बुथ मनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर अमन खेस, प्रभाकर तिर्की, राजेश केरकेटटा, धीरज बेक, ललिता बा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*बदलाव की लहर में सुनिश्चित है झापा की जीत*

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए झापा नेत्री आईरीन एक्का ने कहा कि बदलाव की लहर में झापा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि अब धर्म की राजनीति नहीं चलेगी। काम करने वाले लोगों को ही मौका दिया जाएगा। आईरीन ने कार्यकताओं को चुनाव के लिए कमर कस लेने की बात कही।

## नव प्रतिस्थापित डीईओ को किया गया सम्मानित

**दुमका :** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो के नेतृत्व में सोमवार को दुमका जिला के नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षाविद भूतनाथ रजवार को स्वागत करते हुए शाल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ,डायरी एवं पेन प्रदान कर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी का स्वागत एवं अभिनन्दन के बाद नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षकों एवं छात्रों के हित मे विस्तार से चर्चा की एवं शिक्षकों के उचित मांगो को रखा। झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सम्मानित होने पर हर्षित एवं अविभूत होकर जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने कहा कि मेरा पूर्ण प्रयास होगा कि मेरे कार्यकाल में दुमका जिला में शिक्षकों एवं छात्रों के हित मे कार्य हो एवं दुमका जिला में शैक्षणिक माहौल काफी बेहतर होकर माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट हो।जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री रजवार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में सभी कार्य पारदर्शी तरीके से होगा। शिक्षकों के लंबित एवं उचित कार्यो का संपादन त्वरित गति एवं पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। मेरा पूर्ण प्रयास होगा कि सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का वेतन माह के पहली तारीख को उनके खाते में चला जाय ताकि सभी लोग पूरे मनोयोग से अपने कार्यो का संपादन निष्ठा पूर्वक कर सके। राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो ने झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के तरफ से नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि दुमका जिला के शिक्षा विभाग को सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि भूतनाथ रजवार जैसा महान शिक्षविद एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी पूर्वक करने वाला एक जिला शिक्षा पदाधिकारी मिला है।

### बुजुर्ग हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : अमिता रक्षित

दुमका : लायंस क्लब( सं प) दुमका के तत्वाधान में सोमवार को शहर के हिजला रोड के वृद्धाश्रम में सभी बुजुर्गों के बीच फल , मिठाई, बिस्कुट एवं भोजन सामग्री आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा अमिता रक्षित ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. उनकी देखभाल और समर्थन करना हमारा कर्तव्य है. हम उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं और अपने आप को अधिक सक्षम और ज्ञानवान बन सकते हैं. बुजुर्गों ने लायंस क्लब के सदस्यों की खूब सराहना की एवं उनके इस अपनत्व के लिए उन्हें बहुत आशीर्वाद दिया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायन डॉ .मनोज कुमार घोष , लायन चंदन देव, लायन अमूल पाल,लायन सतीश कुमार मौजूद रहे।

## नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप : महिला और पुरुष, लठ्ठाखम्हन का हुआ फाइनल मैच



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** लठ्ठाखम्हन द्वारा जंगलों और पहाड़ों से घिरे खूबसूरत वादियों के बीच बसे सिमडेगा जिला के लठ्ठाखम्हन खेल मैदान में 08 से 13 अक्तूबर तक विगत साढ़े तीन दशक 1989 से भी अधिक वर्षो से आयोजित ऐतिहासिक हॉकी प्रतियोगिता 36 वा नव युवक संघ हॉकी चैम्पियनशिप 2024 महिला और पुरुष, लठ्ठाखम्हन* में 06 वे दिन फाइनल मैच सह पुरुस्कार वितरण किया गया।

*लिटिल टाइगर क्लब(पुरुष ) और महारानी दुर्गावती क्लब रुघुडेरा (महिला )बने विजेता।

पुरुष वर्ग का फाइनल मैच लिटिल टाइगर क्लब सिमडेगा और पिछले वर्ष के विजेता आदिवासी बालक कल्याण छात्रवास सिमडेगा कॉलेज के बीच खेला गया जिसमे लिटिल टाइगर क्लब 4=1 गोल से विजयी रही, महिला वर्ग का फाइनल मैच स्वामी विवेकानंद कल्ब सिमडेगा और महारानी दुर्गावती क्लब रुघुडेरा के बीच खेला गया, जिसमे स्वामी विवेकानन्द क्लब 2=0 गोल से मैच जीतकर विजेता बनी, इससे पूर्व तीसरे और चौथे स्थान के लिए आसनबेडा और पूरनापानी के बीच खेला गया ,निर्धारित समय में दोनो ही टीम 01=01 की की बराबरी पर रही, ट्राइबेकर में आसनबेड़ा की टीम 04=02 से मैच जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले तथा महिला वर्ग में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को आयोजन समिति की ओर से पुरुस्कार स्वरूप अतिथियों के हाथो एक एक खस्सी देकर सम्मानित किया गया।

प्लेयर ऑफ दि टूनामेंट =पुरुष वर्ग में सुमित बरवा( लिटिल टाइगर क्लब )और महिला वर्ग में एस्थर होरो (स्वामी विवेकानन्द क्लब सिमडेगा)चयनित किए जिसे हॉकी बॉल देकर सम्मानित किया गया।

इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि टूनामेंट =पुरुष वर्ग में अमृत बड़ा (आदिवासी बालक कल्याण छात्रवास सिमडेगा कॉलेज )और महिला वर्ग में प्रियंका कुमारी ( महारानी दुग्रावती क्लब रुघु डेरा) जिन्हे मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।सीनियर वर्ग के इस प्रतियोगिता में बहुत ही कम उम्र 11 वर्ष का हॉकी खिलाड़ी एलरड बड़ा ( पूरनापानी ) को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 06 दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 24 और महिला वर्ग में 08 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक श्री विकसल कोंगाड़ी ने कहा की इस आयोजन समिति सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी जिला के खिलाड़ियों के अभिभावक की तरह है जिसका लाभ जिला को मिल रहा है

फाइनल मैच सह पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधान सभा के माननीय विधायक श्री विक्सल कोंगाड़ी जी ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि खेल हमे अनुशासन दिखलाता है, खेल हमे एक दूसरे के साथ सद्भाव दिखलाता, खेल हमे शारीरिक रूप स्वास्थ्य और मजबूत बनाता है, खेल से हम अच्छे मेहनत कर रोजगार पाते है है इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है ,परंतु कोई भी खेल कराना बहुत ही कठिन होता है, पुरुस्कार की व्यवस्था करना,टीमों की भागीदारी करना और निड्पक्षता , पारदर्शिता और सफलता पूर्वक प्रतियोगिता का समापन तक करना बहुत ही समर्पित भाव से कार्य करने से संभव हो पाता है और लठ्ठाखम्हन खेल समिति विगत 36 वर्षो से प्रत्येक वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक कर रहे है जो बहुत ही सराहनीय है। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी सिमडेगा जिला के हॉकी हो या कोई भी खेल वे खेल और खिलाड़ियों के अभिभावक की तरह कार्य करते है , वे सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती गांव में हो या प्रखंड स्तर ,जिला स्तर ,राज्य स्तर या क्यों न हो राष्ट्रीय स्तर सभी जगह समर्पित भाव से पहुंचकर वर्षो से अपना बहुमूल्य समय देते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ने का अवसर दे है जिसका लाभ जिला सहित राज्य को भी मिल रहा है, इनका खेल के प्रति समर्पण बहुत ही प्रेरणादाई और सराहनीय है।

ठेठईटांगर प्रखंड के प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक हॉकी प्रतियोगिता से ही भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और रोपनी कुमारी जैसे खिलाड़ी की पहली बार प्रतिभा की पहचान हुई जो आज देश का नेतृत्व कर रहे है। इस प्रतियोगिता में किसी भी रूप में भाग लेना वास्तव में बहुत ही गौरवपूर्ण होता है। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी सह हॉकी कोच तारिणी कुमारी,मुखिया एलिजाबेड बागे, सिमडेगा कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष आनंद, ने भी अपने विचार खिलाड़ियों के सामने रखे।

*हॉकी के लिए समर्पित और कुरबान हो जाने वालो की इस लठ्ठाखमहन की धरती पर जो भाग बहुत ही भाग्य शाली है*

आयोजन समिति सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी मंच संचालन सह अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि लठ्ठाखम्हन का यह ऐतिहासिक मैदान जिसमे हॉकी के लिए अपने आप समर्पित और कुर्बान कर देने वाले लोगों के द्वारा हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है इसमें भाग लेना अपने आप बहुत ही गौरव पूर्ण है।